तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 17 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 ग्रामीणों की आर्थिक आमदनी का जरिया बना महुआ संग्रहण




## खबर संक्षेप

### जिले में वृहद स्वैच्छिक रक्तदान अभियान आज से

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर सह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा के निर्देशानुसार जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वृहद स्वैच्छिक रक्तदान अभियान संचालित किया जाएगा। सीएमएचओ सह सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 17 मार्च से 8 मई तक जिले के विभिन्न शासकीय, अशासकीय, शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों के समन्वय से चरणबद्ध रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उक्त रक्तदान शिविरों का आयोजन भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा के समन्वय से किया जाएगा। वहीं राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध ब्लड सेंटर की चिकित्सकीय एवं तकनीकी टीम द्वारा रक्त संग्रहण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के तहत जिले के विभिन्न महाविद्यालयों, शासकीय कार्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा अन्य संस्थानों में युवाओं और आम नागरिकों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा सरगुजा ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और संस्थानों से इस स्वैच्छिक रक्तदान अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया है।

### प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला 8 बजे से लगेंगी

**अंबिकापुर।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा शुरू होने के बाद शाला संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी दिनेश झा ने बताया कि जिले में 16 मार्च से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा वर्ष 2025-26 प्रारंभ हो चुकी है। परीक्षा क्रमशः प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक तथा 9 बजे से 12 बजे तक संचालित होंगे। 5वीं और 8वीं के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षाओं के दौरान 16 मार्च से 8 अप्रैल तक शाला संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शालाएं 8 बजे से दोपहर 1 बजे संचालित की जाएगी। डीईओ ने बताया कि शेष निर्देश यथावत रहेंगे। हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा, स्थानीय परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य इस आदेश से प्रभावित नहीं होंगे।




## झारखंड के चतरा और बिहार के गया क्षेत्र से पकड़े गए आरोपी

# अफीम की खेती और तस्करी में शामिल दो सरगना को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के कुसमी क्षेत्र में अफीम की खेती करने वाले दो सरगना को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखण्ड के चतरा और बिहार के गया क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बड़ी बात यह है की त्रिपुरी और खजुरी क्षेत्र में की जा रही अफीम की खेती में एक ही गिरोह के शामिल होने की बात कही जा रही है। पुलिस अब गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की बात कह रह है जिससे तस्करों के नेटवर्क का खुलासा हो सकेगा। इसके साथ ही आने वाले दिनों में और भी आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही जा रही है।

**खास बात**

- आपस में जुड़े है सभी तस्करों के तार

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड में अफीम की खेती का खुलासा हुआ। तस्करों द्वारा झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों को अपना सुरक्षित ठिकाना बनाया था और लम्बे समय से अफीम की खेती कर रहे थे। तस्कर बड़े पैमाने पर अफीम निकालकर उसकी तस्करी भी कर चुके थे। खुलासा होने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व प्रशासन की टीम ने त्रिपुरी घोरसाडांड में 3.67 एकड़ से जड़, ताना, फूल, पत्ती समेत 43. 49 क्विंटल अफीम, 1.900 किलोग्राम अफीम का लासा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 4.75 करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके साथ ही खजुरी के तुर्रीपानी में 1.47 एकड़ खेत से 18.83 क्विंटल अफीम बरामद किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत 2 रूपए आंकी गई है। इस तरह बलरामपुर जिले में 62.32 क्विंटल अफीम जिसकी कीमत 6.75 करोड़ रुपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में खेत मालिक समेत कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामला सामने आने के बाद आईजी दीपक झा के निर्देश पर एसपी वैभव बैंकर रमनलाल द्वारा अलग अलग टीमों का गठन किया गया था जो इस अफीम की खेती में शामिल सरगना व अन्य लोगों की तलाश कर रहे थे। प्रकरण की एंड टू एंड विवेचना एवं टैक्निकल मशीनरी से प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा झारखंड एवं बिहार राज्य के कई संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।



पुलिस गिरफ्त में सरगना।

### नक्सल मुक्त होते क्षेत्र में पसार रहे पांव

अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि खजुरी और त्रिपुरी में अफीम की खेती करने वाला गिरोह एक ही है। इनका नेटवर्क अलग अलग स्थानों पर फैला हुआ है। चतरा और गया क्षेत्र में हजारों एकड़ में अफीम की अवैध खेती होती है और अब चूंकि झारखंड से लगे छत्तीसगढ़ के जंगल नक्सल मुक्त हो चुके है। ऐसे में तस्कर अब छत्तीसगढ़ के सरहदी क्षेत्रों में अपना सुरक्षित ठिकाना बना रहे है। तस्करों ने जानबूझकर ऐसे क्षेत्रों को चुना है जहां पुलिस और प्रशासन की पहुंच कम होती है। अधिकारी भी इस बात को मान रहे है कि पहले बिहार का गया और झारखंड का चतरा नक्सल प्रभावित था लेकिन बाद में वहां बड़े पैमाने पर अफीम की खेती हुई। चतरा में ही 27 हजार एकड़ व बिहार के गया क्षेत्र में 10 हजार एकड़ में अफीम की खेती की बात सामने आई थी। अफीम तस्करों का अन्तर्राज्यीय नेक्सस काम कर रहा है जिसकी अब पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

### ये आरोपी हुए गिरफ्तार

पुलिस ने अब इस मामले में गिरोह के सरगना बिहार के गया बाराचट्टी के सोमिया निवासी 35 वर्षीय पैरु सिंह भोक्ता आ. मटकू सिंह भोक्ता व झारखंड के चतरा बोधीडीह कुंदा के ग्राम चाया निवासी 38 वर्षीय भूपेन्द्र उरांव उर्फ भुपेंदरा उरांव आ. भुनेश्वर उरांव को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को पकड़कर छत्तीसगढ़ लेकर आई। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है जिसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार जेल भेज दिया है। पुलिस अब दोनों आरोपियों को रिमांड में लेकर पूछताछ करेगी जिसके बाद और भी खुलासे होने की बात कही जा रही है।

### चल रही है जांच



हमने अफीम की खेती के मामले में दो सरगना को झारखंड के चतरा और बिहार के गया क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उन्हें पुलिस रिमांड में लिया जाएगा। तस्करों का एक अन्तर्राज्यीय नेक्सस काम कर रहा था। इस मामले में एंड टू एंड कार्रवाई करते हुए इस कारोबार में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। हमारी टीम जांच में जुटी हुई है।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी बलरामपुर

## आरटीओ अधिकारी बनकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खुद को आरटीओ का अधिकारी बताकर बाइक सवार लोगों से 20 हजार रूपए की लूट व गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल और 1 हजार रूपए नगद बरामद किया है। आरोपी इसके पूर्व भी लूट के एक मामले में शामिल था जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

- रास्ता रोककर गाली गलौज के साथ ही थी लूटपाट

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के राजपुर मारकाडांड निवासी संदीप लकडा 11 मार्च की शाम अपने ससुर के साथ बाइक से हॉस्पिटल से गांधी चौक की ओर जा रहा था। इस दौरान राज पोल्ट्री फ़ार्म के समीप एक काले रंग के बुलेट बाइक में एक व्यक्ति आया और संदीप लकड़ा का रास्ता रोकते हुए धमकी देने लगा कि जब तुम्हे रुकने को कहा गया तो रुके क्यों नहीं। आरोपी ने खुद को आरटीओ अधिकारी शहजोर अली बताकर बाइक सवारों से गाली गलौज की और संदीप के पर्स में रखा 10 हजार और शर्ट के पाकिट में रखा 10 कुल 20 हजार रूपए लूटकर रख लिया और ग्रामीण को धमकी देने के बाद भाग निकला। इस घटना के बाद संदीप लकड़ा ने परिजन के साथ आरटीओ ऑफिस जाकर जानकारी हासिल की तो पता चला कि उक्त नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। इसके साथ ही यह बात भी सामने आई की फर्जी आरटीओ ऑफिसर सत्तीपारा इरानी मोहल्ला निवासी शहजोर अली आ. अयूब अली है। ग्रामीण ने 14 मार्च को मामले की शिकायत गांधीनगर पुलिस से की थी। इस मामले में एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। तलाश के दौरान 24 वर्षीय शहजोर अली को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने संदीप लकड़ा से आरटीओ अधिकारी बनकर लूट करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बुलेट मोटर साइकिल और 1 हजार रूपए नगद बरामद किया है इसके साथ ही आरोपी ने संजय पार्क के सामने एक अन्य व्यक्ति से 1130 रूपए की लूट करने की बात स्वीकारी की। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 126(2), 309(4), 204 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रवीण कुमार द्विवेदी, सउनि ललन गुप्ता, आरक्षक राहुल सिंह, रमन मण्डल, मोतीलाल केरकेट्टा, घनश्याम देवांगन सक्रिय रहे।



## शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत के मामले में जेडी ने दिए जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जशपुर जिले के सिविल अस्पताल में हार्ट अटैक से शिक्षक की मौत और अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ की गैरमौजूदगी को स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लिया है।

- सिविल हॉस्पिटल पत्थलगांव में नहीं मौजूद थे चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ

संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने सीएमएचओ जशपुर को पत्र जारी कर इस मामले की सूक्ष्मता से जांच कर तीन दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। बता दें कि रविवार को शिक्षक कार्तिकेश्वर निषाद को हार्ट अटैक के बाद बेहोशी की हालत में सिविल हॉस्पिटल पत्थलगांव लाया गया था। प्रारंभिक रूप से सीपीआर देने के बाद लोग उन्हें निजी कार से सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और अस्पताल के गेट पर कार खड़ी कर डॉक्टर की तलाश करने लगे। इस दौरान अस्पताल में ना ही वार्ड बॉय, स्टाफ नर्स मौजूद थे और ना ही कोई डॉक्टर मौजूद था। परिजन व स्थानीय लोग लगातार डॉक्टर की तलाश करने के साथ ही उन्हें फोन लगाते रहे। काफी देर के बाद एक महिला चिकित्सक डॉ. जया परहा मौके पर पहुंची और शिक्षक की जान बचाने के बदले बहस करने लगी। इसके बाद मौके पर पहुंचे डॉ. शकुंतला निषाद ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली और व्यवस्था को लेकर लोगों ने नाराजगी जाहिर की थी। हरिभूमि ने इस खबर को 16 मार्च के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया जिसके बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमार शुक्ला ने इस मामले की जांच हेतु सीएमएचओ जशपुर को टीम गठित करने और 3 दिनों में रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। जेडी डॉ. शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच के निर्देश दिए गए है और जांच के बाद लापरवाही सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कल्याणपुर के कोटबहरा में पहुंचा पांच सदस्यीय हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में सोमवार की शाम अचानक पांच सदस्यीय जंगली हाथियों का दल गांव के नजदीक पहुंच गया है। हाथियों को मुख्य मार्ग पर विचरण करते देख ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे।

- रात भर भय के माहौल में रहे ग्रामीण

ग्रामीणों के अनुसार शाम के समय जंगल की ओर से हाथियों का दल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ता दिखाई दिया। कुछ ही देर में ये हाथी मुख्य मार्ग के आसपास पहुंच गए,जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों में भय का माहौल बन गया,ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी, जिसके बाद वन अमला मौके पर पहुंच गया,ग्रामीणों ने बताया कि यह हाथियों का दल बलरामपुर जिले की सरहदी जंगल पट्टी से होते हुए कोटबहरा क्षेत्र में पहुंचा है,पिछले कुछ समय से इन इलाकों में हाथियों की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं,जिसके कारण सीमावर्ती गांवों के लोग हमेशा सतर्क रहते हैं,कोटबहरा के आसपास घने जंगल और खेत होने के कारण हाथियों का दल अक्सर भोजन की तलाश में गांवों की ओर रुख कर लेता है,यही वजह है कि ग्रामीणों में हर बार हाथियों के आने की खबर से भय और चिंता का माहौल बन जाता है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क रहने की समझाइश दी,वन अमले द्वारा लोगों को हाथियों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने,रात में खेतों की तरफ अकेले न जाने की सलाह दी जा रही है। वन विभाग के कर्मचारियों ने हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है,टीम आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रही है और यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि हाथियों का दल आबादी वाले क्षेत्र में ज्यादा देर तक न रुके। ग्रामीणों के अनुसार कुछ महीने पहले भी हाथियों का दल इस इलाके में पहुंचा था। उस समय हाथियों ने गांव में जमकर उत्पात मचाया था। करीब एक दर्जन मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था और खेतों में खड़ी फसलों को भी भारी ⏭ शेष पेज 4 पर



## पुराने विवाद में युवक की हत्या कर डबरी में फेंका शव

**अम्बिकापुर।** पुराने विवाद में युवकों ने मिलकर ग्राम हनुमानगढ़ निवासी एक युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी तथा शव को एक डबरी में फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डबरी का पानी निकालकर शव को बरामद किया। मामले में पुलिस एक संदेही को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि पिछले साल एक बारात में उदयपुर थानान्तर्गत ग्राम पोतका एवं हनुमानगढ़ के युवकों ने जमकर विवाद हुआ था तथा दोनों गांव के युवकों ने जमकर मारपीट की थी। रविवार को ग्राम पोतका में एक बारात आई थी जिसमें हनुमानगढ़ के कुछ युवक पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम पोतका के युवकों ने ग्राम हनुमानगढ़ के युवकों पर हमला कर दिया तथा उन्हें पीटने लगे। विवाद बढ़ता देख हनुमान गढ़ के युवक भाग निकले जबकि गांव का शीतल युवकों के बीच फंस गया। पुरानी रंजिश में ग्राम पोतका के युवकों ने पीट पीटकर शीतल को मार दिया तथा शव को गांव के ही एक डबरी में फेंक दिया। सूचना पर सुबह घटनास्थल पर पुलिस पहुंची एवं डबरी का पानी निकलवाया तथा शव को बरामद कर पीएम के लिए अस्पताल भेजवाया। पुलिस युवक की हत्या के कारणों को जानने मामले की जांच में जुटी है। पुलिस मामले में एक संदेही को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।



## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पलटी कर, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 पर बनखेता चौक के पास बिलासपुर की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही स्विफ्ट कार को टक्कर कार दी। टक्कर में स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार एक यात्री को गंभीर चोटें आई हैं जबकि अन्य सवारों को मामूली चोटें लगी है। घटना रविवार की बताई जा रही है।

स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 12 बीडी 6873 अम्बिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान स्विफ्ट कार जैसे ही बनखेता चौक के पास पहुंची विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्विफ्ट कार को टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर स्विफ्ट कार पलट गई आगे के दोनों टायर फट गए। इस दौरान बिलासपुर की ओर से आ रहा पिकअप क्रमांक यूपी 64 सीटी 0149 ट्रक से टकराकर पलट गया। बताया जा रहा है कि स्विफ्ट कार मैनपाट से आ रही थी तथा उसमें महिला व बच्चों सहित 6 व्यक्ति सवार थे। दुर्घटना में कार सवार एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है जबकि अन्य सवारों को मामूली चोटें लगी है जबकि पिकअप चालक एवं एक सवार पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## लखनपुर गर्ल्स स्कूल में डीईओ ने पकड़ी नकल, की कार्रवाई

# ओपन स्कूल परीक्षा में नकल करते मिले दो परीक्षार्थी, बदले गए केन्द्राध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ओपन स्कूल परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण का मामला सामने आया है। स्कूल में निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने ही दो नकलची पकड़े। डीईओ ने दोनों छात्र-छात्राओं के खिलाफ नकल प्रकरण बनाया गया है। बड़ी बात यह है कि नकल प्रकरण के मामले में डीईओ ने केन्द्राध्यक्ष को बदल दिया है और अन्य शिक्षकों को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन किया गया है। ओपन स्कूल के तहत सोमवार को 12वीं कक्षा के हिंदी विषय की परीक्षा जिले के दस केन्द्रों में आयोजित की गई। हिन्दी विषय की परीक्षा के लिए जिले में कुल 1769 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1668 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 101 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान डीईओ दिनेश झा व उड़न दस्ता दल ने शासकीय कन्या उमावि लखनपुर, शासकीय उमावि लहपटरा, शासकीय कन्या उमावि बतौली तथा शासकीय नगर पालिक उमावि अम्बिकापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय कन्या उमावि लखनपुर में एक छात्र व एक छात्रा हिंदी विषय की परीक्षा में नकल करते पकड़े गए। इस मामले में दोनों विद्यार्थियों के खिलाफ नकल प्रकरण तैयार किया गया। वहीं नकल प्रकरण के बाद डीईओ श्री झा ने कड़ी नाराजगी जाहिर करने के साथ ही केन्द्राध्यक्ष पर कार्रवाई की है। डीईओ ने स्कूल के केन्द्राध्यक्ष को ही बदल दिया है और ड्यूटी में मौजूद शिक्षकों को भी नोटिस जारी किया गया है। डीईओ श्री झा ने बताया कि ओपन स्कूल परीक्षा में अब कड़ाई की जा रही है और नकल प्रकरण में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नकल प्रकरण रोकने के लिए अलग अलग उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है।



### 5वीं बोर्ड में 16 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2026 के अंतर्गत सोमवार को कक्षा 5वीं के गणित विषय की परीक्षा जिले के निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। जिले के कुल 1563 परीक्षा केंद्रों में आयोजित इस परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तर एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित विशेष निरीक्षण दलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। गणित विषय की परीक्षा के लिए कुल 16 हजार 665 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें से 16 हजार 607 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जबकि 58 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षा विभाग ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने किया गोधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरू घासीदास विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर से गोधाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रदेशभर के साथ एमसीबी जिले में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, गोधाम समिति के पदाधिकारियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से पशुधन संरक्षण और गौसेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित गोधाम योजना की जानकारी दी गई तथा इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में गोधाम समिति जिला एमसीबी के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य उदित नारायण, नगरपालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, गोधाम समिति विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष बुद्धलाल वेगा तथा लखन श्रीवास्तव सहित गोधाम समिति के जिला एवं विकासखंड स्तर के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने गोधाम योजना के शुभारंभ पर खुशी व्यक्त करते हुए इसे गौवंश संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से अनुभाग मनेन्द्रगढ़ के अनुभागीय अधिकारी राजस्व लिंगराज सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ वैशाली सिंह तथा पशुधन विकास विभाग के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. विजय राज सिंह बघेल भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही डॉ. विनीत भारद्वाज, डॉ. कोमल प्रसाद राय, आलोक कुमार वखरे और गगन कुमार निषाद सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने कोल

**अनूपपुर।** जल संसाधन विभाग में लेखपाल के पद पर कार्यरत आरबी कोल को एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ का अनूपपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संघ के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी द्वारा जारी संगठनात्मक आदेश के माध्यम से की गई। जारी आदेश के अनुसार आरबी कोल वर्तमान में जल संसाधन विभाग में सहायक वर्ग 2 लेखपाल के रूप में पदस्थ हैं।

### मनेन्द्रगढ़ में रोजगार मेला 23 को

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में 23 मार्च को रोजगार मेला एवं प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह प्लेसमेंट कैंप जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा, जहां निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस रोजगार मेले में परिशराम ह्यूमन रिसोर्सेस प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम (हरियाणा) द्वारा आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए मीटर इंस्टॉलेशन के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को 15 हजार से 20 हजार रूपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा तथा उनका कार्यक्षेत्र छग के विभिन्न जिलों में रहेगा।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करने की दिशा में प्रशासन द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए दो अलग-अलग प्रकरणों में मृतकों के परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

---

**वन क्षेत्रों में बिखरने लगी महुआ की महक** | अलसुबह से सपरिवार जुट जाते हैं संग्रहण कार्य में, आगामी माह के अंतिम समय तक चलेगा महुआ चुनने का कार्य

# ग्रामीणों की आर्थिक आमदनी का जरिया बना महुआ संग्रहण

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के ग्रामीण क्षेत्रों एवं वन क्षेत्रों में महुआ फूल की महक बिखरने लगी है। ग्रामीण परिवार प्रतिदिन तड़के ही परिवार के सदस्यों के साथ वन क्षेत्रों में पहुंच कर महुआ फूल चुनने के कार्य के लिए निकल पड़ते हैं और दोपहर होने के पूर्व घर पहुंचते हैं।

इन दिनों ग्रामीण परिवार खेती कार्य से फुरसत में हैं और ऐसे समय में महुआ फुल चुनने में जुटे हैं, इससे ग्रामीण परिवारों को अच्छी खासी आमदनी भी प्राप्त करते हैं। जंगलों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित महुआ के पेड़ों के नीचे सुबह होने के पूर्व से ही ग्रामीण अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचते हैं और घंटो महुआ फूल चुनने के कार्य में व्यस्त रहते हैं। कई ग्रामीण परिवार जिनके महुआ पेड़ दूर-दराज में स्थित है, वे अपने साथ खाने-पीने की चीजे भी ले जाते हैं। इस तरह आगामी माह के अंतिम समय तक महुआ चुनने में ग्रामीण परिवार व्यस्त रहेंगे। इस अवधि में प्रत्येक ग्रामीण परिवार बड़ी मात्रा में महुआ फूल एकत्र लेते हैं।


संग्रहित कर रखे गए महुआ फल।

### काई निवेश नहीं और मुनाफा काफी

खेती किसानी सीजन समाप्त होने के बाद ग्रामीण परिवार खाली है, ऐसे समय में ग्रामीण परिवारों के लिए महुआ फूल चुनना पलायन रोकर रोजगार दे रहा है। जिले के ग्रामीण परिवार काफी संख्या में महुआ फूल एकत्र करने में जुटे हुए हैं। यह एक ऐसा व्यवसाय हैं, जिनमें शून्य निवेश हैं और आमदनी अधिक। चुने गए महुआ फूल को घरों में कुछ दिनों तक सूखाया जाता है, फिर उसे सुरक्षित रखा जाता है। जानकारी के अनुसार कच्चे महुआ की कीमत कम मिलती है, लेकिन सूखाया महुआ फूल अधिक दाम में बिकते हैं।

### शराब बनाने में ज्यादा उपयोग

महुआ फूल का सबसे अधिक उपयोग ग्रामीण परिवार शराब बनाने में करते हैं। यही कारण है कि गांव में कच्चा महुआ शराब बनाई जाती है, इससे उन्हें अधिक लाभ मिलता है। वहीं ज्यादातर परिवारों के द्वारा चुने हुए महुआ फूल को चुनकर सूखा लिया जाता है और स्थानीय व्यापारियों को विक्रय कर लाभ प्राप्त करते हैं। सूखने के बाद महुआ फूल की अच्छी कीमत मिलती है। अब बहुत कम लोग महुआ फूल को खाद्य पदार्थ के रूप में उपयोग करने के लिए स्टोर करते हैं।

### भालू सहित अन्य वन्य जीवों का खतरा

ग्रामीण परिवार महुआ फूल चुनने के लिए तड़के ही घर से निकलकर जंगल क्षेत्र एवं ग्रामीण एरिया में चले जाते हैं, इसके चलते उन्हें जंगल क्षेत्र में भालू सहित अन्य वन्य जीवों का खतरा भी बना रहता है। इस सीजन में कोरिया जिले में भालू हमले की घटना सबसे अधिक सामने आती है। जानकारी के अनुसार महुआ फूल की खुशबू भालू को आकर्षित करती है।

### वनों को भी पहुंचता है नुकसान

गर्मी के शुरूआत के साथ ही महुआ टपकने की शुरूआत हो गई। इस दौरान जंगल की हरियाली को भी सबसे अधिक खतरा रहता है। कई ग्रामीण परिवार जब जंगल क्षेत्रों में महुआ चुनने के लिए जाते हैं तो महुआ पेड़ के नीचे गिरे पत्तों को साफ करने के लिए सूखे पत्तों में आग लगा देते हैं और लापरवाही के कारण आग जंगल में फैल जाती है। प्रतिवर्ष इसी तरह के लापरवाही के कारण जंगल में दावानल की स्थिति बनती है।

---

**सभी पंजीकृत श्रमिकों का आधार सत्यापन पूरा**

# ई-केवाईसी में कोरिया प्रदेश में अव्वल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से लागू की गई वीबीजी रामजी योजना के तहत कोरिया जिले ने तकनीकी पारदर्शिता की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

जिले में मनरेगा के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों का ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही कोरिया प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है, जिसने निर्धारित समय में यह लक्ष्य हासिल किया है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और पंचायत अमले के समन्वित प्रयासों से जिले की सभी ग्राम पंचायतों के पंजीकृत श्रमिक परिवारों के प्रत्येक सदस्य का आधार आधारित ई-केवाईसी कार्य पूरा किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर अभी औसत ई-केवाईसी लगभग 92 प्रतिशत है, जबकि कोरिया जिले ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर नई मिसाल पेश की है। मनरेगा से उन्नत होकर वीबीजी रामजी योजना की दिशा में आगे बढ़ते हुए योजनाओं में पारदर्शिता लाने के लिए तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों का आधार आधारित ई-केवाईसी किया गया है, जिससे अब ऑनलाइन पोर्टल पर दैनिक उपस्थिति आधार के अनुसार व्यक्ति-वार दर्ज की जाएगी। कोरिया जिले में कुल 80,226 पंजीकृत श्रमिक हैं। इनमें जनपद पंचायत सोनहत के अंतर्गत 22,306 श्रमिक जनपद पंचायत बैकुंठपुर के अंतर्गत 57,919 श्रमिक पंजीकृत हैं। इन सभी का आधार के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल पर ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस क्रम में प्रदेश की 146 जनपद पंचायतों में सबसे पहले जनपद पंचायत सोनहत ने शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कार्य पूरा किया। इसके बाद जनपद पंचायत बैकुंठपुर ने भी यह उपलब्धि हासिल कर ली। दोनों जनपद पंचायतों के प्रयासों से अब कोरिया जिला शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने वाला प्रदेश का पहला जिला बन गया है, जो वीबीजी रामजी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### हजारों श्रमिकों के पसीने का सम्मान



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के उन हजारों श्रमिकों के पसीने का सम्मान है। उन्होंने बताया कि वीबीजी रामजी योजना ग्रामीणों की तकदीर व तस्वीर बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार प्रदेशभर में ई-केवाईसी अभियान चलाया जा रहा है।

---

# 2019 से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले में फरार आरोपियों और स्थाई वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मनेन्द्रगढ़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश और सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक दीपेश सैनी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने वर्ष 2019 से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी समीर गुप्ता पिता राजाराम उम्र 19 वर्ष निवासी बस स्टैंड मनेन्द्रगढ़ लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ में धारा 294, 506, 223, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। न्यायालय द्वारा उसके विरूद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसे तलाश रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए मनेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा निरीक्षक दीपेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लगातार उसकी पतासाजी की जा रही थी।


पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार को घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती सिंह के निर्देश पर जिले में फरार आरोपियों और स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत पुलिस टीम सक्रियता से कार्रवाई कर रही है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक उपनिरीक्षक चेतन राजवाड़े, प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा और आरक्षक उत्तरा कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

---

# आयोजन से महिलाओं को आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

शहर के प्रतिष्ठित होटल हसदेव इन में वी क्लब मनेन्द्रगढ़ समर्पण द्वारा अधिकारी यात्रा कार्यक्रम का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब की विभिन्न गतिविधियों, सामाजिक कार्यों और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में क्लब की सदस्याएं एवं आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे।

- **वी क्लब समर्पण द्वारा अधिकारी यात्रा कार्यक्रम**

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट मनीषा सोनी रहीं, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में जीडीपी वी अनीता फरमानिया उपस्थित थीं। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय शर्मा तथा क्लब अध्यक्ष वी बबीता अग्रवाल ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत क्लब की सदस्यों द्वारा आत्मीयता के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान संजय शर्मा ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज के व्यस्त जीवन में लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाकर हर व्यक्ति स्वयं को स्वस्थ और फिट रख सकता है। उनके प्रेरणादायी विचारों को उपस्थित लोगों ने बड़े ध्यान से सुना। इस अवसर पर क्लब द्वारा वर्षभर आयोजित की जाने वाली सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा संबंधि गतिविधियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। क्लब की अध्यक्ष बबीता अग्रवाल ने क्लब की आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि वी क्लब हमेशा समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी इसी तरह जनहित के कार्य किए जाते रहेंगे।



### नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर श्रीमती माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में 14 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय अनूपपुर में आयोजित नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार लढ़िया, प्रथम जिला न्यायाधीश संयोजक नेशनल लोक अदालत नरेन्द्र पटेल, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीकृष्ण डागलिया, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती चैनवती ताराम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनोद कुमार वर्मा, सुश्री सुधा पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट, बॉबी सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री सृष्टि साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटेल, जिला अधिवक्ता बार संघ से अध्यक्ष संतोष सिंह परिहार, सचिव राम कुमार राठौर, शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा, लीगल एड डिफेंस काउंसेल संतदास नापित, जिला अधिवक्ता संघ के समस्त अधिवक्ता खंडपीठ के सुलहकर्ता सदस्यगण, पैरालीगल वालेंटियर्स, पुलिस बल, बैंक, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जिला न्यायालय एवं जिला प्राधिकरण अनूपपर के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोनहत-बैकुंठपुर में हजारों सोख्ता गड्ढों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जल संरक्षण और भू-जल संवर्धन की दिशा में कोरिया जिले में मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत 5 प्रतिशत मॉडल पर तेजी से सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सोनहत और बैकुंठपुर विकासखंड में किसानों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से हजारों की संख्या में सीढ़ीनुमा सोख्ता गड्ढे बनाए जा रहे हैं।

जल संरक्षण की इस पहल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। भारत सरकार ने कोरिया जिले में सफल रहे 5 प्रतिशत मॉडल को देशभर में लागू करने की घोषणा की है। इसी कड़ी में छग सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोर गांव-मोर पानी अभियान को जिले में तेज गति से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने बताया कि जिले में इस अभियान की तर्ज पर आवा पानी झोंकी अभियान भी शुरू किया गया है, ताकि वर्षा की हर बूंद को धरती में समाहित कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों और किसानों की सक्रिय जनभागीदारी के कारण यह कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को निर्माणाधीन आवास के समीप सोख्ता गड्ढे बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि घरों से निकलने वाला पानी और वर्षा जल इन गड्ढों में जाकर भू-जल पुनर्भरण में सहायक बन सके।



### क्या है 5 प्रतिशत मॉडल

आवा पानी झोंकी अभियान के अंतर्गत शुरू की गई यह अभिनव पहल जल संरक्षण पर आधारित है। इस मॉडल के तहत खेत या बाड़ी की कुल भूमि के लगभग 5 प्रतिशत हिस्से में सीढ़ीनुमा संरचना वाला सोख्ता गड्ढा बनाया जाता है। इसमें वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल पुनर्भरण किया जाता है, इससे भू-जल स्तर में सुधार के साथ-साथ भूमि की नमी बढ़ती है।

---

# मरीजों की सेहत से समझौता नहीं: श्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने शासकीय सिविल अस्पताल मनेन्द्रगढ़ का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल में उपचार व्यवस्था, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने डॉक्टरों एवं अस्पताल प्रबंधन से आवश्यक जानकारी लेते हुए मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित किया कि मरीजों को समय पर इलाज और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल का औपचारिक निरीक्षण किया।

### पेंड्री में आजीविका सेवा केन्द्र का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पेंड्री में एकीकृत कृषि क्लस्टर परियोजना आईएफसी के अंतर्गत आजीविका सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, जिला पंचायत सदस्य उदित नारायण, ग्राम पंचायत पेंड्री, घुटरा एवं सलवा के सरपंच, ग्राम पंचायत पेंड्री के उप सरपंच, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली सिंह जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कई प्रतिनिधियों की सहभागिता रही, इससे आयोजन का महत्व और बढ़ गया।

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

TOP IN SURGUJA
UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाएं
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### कुदरगढ़ महोत्सव के लिए एसईसीएल ने जिला प्रशासन को प्रदान किया बीस लाख रुपए का चेक

**बिश्रामपुर।** सामाजिक विकास और क्षेत्रीय सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले कुदरगढ़ महोत्सव के लिए एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की तरफ से जिला प्रशासन सूरजपुर को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया।इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने सीईओ जिला पंचायत सूरजपुर विजेंद्र पाटले को 20 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।बताया गया कि इस राशि का उपयोग कुदरगढ़ महोत्सव के आयोजन तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए किया जाएगा,प्रशासन और एसईसीएल के इस सहयोग से महोत्सव के आयोजन को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी, इस दौरान एसडीएम भैयाथान चांदनी कंवर,क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एनएसएस के शिविर में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



**अम्बिकापुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम महावीरपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी, योग एवं पीटी, स्वच्छता अभियान, श्रमदान, खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को नशा मुक्ति, सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभाव, स्वच्छता एवं सामाजिक जागरूकता के विषय में जानकारी दी गई। समापन अवसर पर ग्राम महावीरपुर की सरपंच रेशमी सिंह एवं शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य आरजे पांडेय ने स्वयंसेवकों के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। इस सात दिवसीय शिविर का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार बघेल ने किया। इसके साथ ही शिविर में महाविद्यालय से सतेंद्र सिंह, प्रियंका लकड़ा, अंजना एवं बिंदेश्वर ने सातों दिन सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### भाजपा किसान मोर्चा ने मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन



**राजपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के जन्मदिन अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों और उनके परिजन को फल वितरण करने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप को देखते हुए किसानों के बीच छाते वितरित किए गए। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्थानीय छात्रावास का भी दौरा किया। यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री (शैक्षणिक किट) प्रदान की गई। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गोपाल साहू, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता और मंडल महामंत्री बालेश्वर यादव सहित कई वरिष्ठ किसान एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भाजपा किसान मोर्चा ने अस्पताल में फल वितरण कर मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन



सूरजपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पूरे जिले में सेवा एवं जनकल्याण के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर जिला अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजन को भोजन वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष कपिल पाण्डेय ने सेवा भाव के साथ मरीजों की सेवा करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना ही संगठन की मूल भावना है। इसी क्रम में रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। साथ ही किसान मोर्चा जिला मंत्री मोहन शर्मा एवं लटोरी मंडल अध्यक्ष हिराधन राजवाड़े के नेतृत्व में सेवा कार्य करते हुए स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रेमनगर मंडल में कृषि अभियांत्रिकी व सिंचाई प्रकल्प के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय प्रेमनगर में केक काटकर आलोक सिंह ठाकुर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

# घरेलू गैस का संकट गहराया, किल्लत से लोगों में आक्रोश

## घंटो इंतजार के बाद खाली हाथ लौट रहे लोग, गोदाम में सुबह से ही लग जाती है लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनो घरेलू गैस की किल्लत से लोगों का जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर गैस एजेंसी में कार्डधारकों को मिलने वाला मिस कॉल अलर्ट सिस्टम भी ठीक से काम नहीं कर रहा, जिससे उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध होने की जानकारी समय पर नहीं मिल पा रही है।

शहरी क्षेत्र के अधिकांश परिवार अपने दैनिक जीवन के लिए रसोई गैस पर निर्भर हैं। ऐसे में घरेलू गैस समय पर उपलब्ध न हो तो लोगों को किस तरह की समस्याओं से गुजरना पड़ता है यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति पिछले एक माह के भीतर उत्पन्न हो गई है जिससे घरों की रसोई व्यवस्था चरमराने लगी है। गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग सुबह से ही गैस गोदाम के बाहर लंबी कतारों में खड़े नजर आते हैं। घंटों इंतजार करने के बाद भी कई लोगों को खाली हाथ निराश होकर लौटना पड़ रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति भी अलग नहीं है। सरकार की उज्ज्वला योजना के तहत कई ग्रामीण परिवारों को गैस कनेक्शन और गैस कार्ड तो मिल गए हैं, लेकिन बावजूद इसके अधिकांश ग्रामीण नियमित रूप से गैस सिलेंडर नहीं ले पा रहे हैं। गैस की बढ़ती कीमत और अनियमित आपूर्ति के कारण ग्रामीण आज भी लकड़ी और अन्य पारंपरिक साधनों से खाना बनाने को मजबूर हैं। इससे सरकार की योजना का उद्देश्य भी पूरी तरह से फेल होता नजर आ रहा है।

### ग्रामीणों के गैस कार्ड का दुरुपयोग

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को एक गैस सिलेंडर के साथ कनेक्शन और गैस कार्ड उपलब्ध कराई है। लोगों का आरोप है कि कुछ लोग ग्रामीणों के गैस कार्ड का दुरुपयोग कर गैस की कालाबाजारी में लगे हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के कई गैस कार्डधारकों से थोड़े से पैसे का लालच देकर उनके कार्ड के जरिए सिलेंडर उठाया जाता है और बाद में गैस सिलेंडर को अधिक कीमत पर बेचा जाता है। इससे आम उपभोक्ताओं को गैस नहीं मिल पाती और बाजार में कृत्रिम संकट की स्थिति बन जाती है।

### कालाबाजारी पर कार्रवाई की मांग

नगर में लगातार बढ़ रही गैस की किल्लत की समस्या से लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है। लोगों ने प्रशासन और संबंधित गैस एजेंसियों से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देते हुए गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

### नहीं है गैस की किल्लत

नगर में घरेलू गैस की किल्लत नहीं है। संबंधित गैस एजेंसी संचालक से बात एवं नोटिस जारी करता हूं। इस मामले को लेकर जवाब तलब किया जाएगा। अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई होगी। उपभोक्ताओं को परेशान करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

-शशि जायसवाल
फूड इंस्पेक्टर

## छात्रावास अधीक्षक रहते है नदारद

# छात्रावास में भारी अव्यवस्था, बच्चों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

**खास बात**
- चपरासी के भरोसे छात्रावास

घरसेड़ी स्थिति प्री मैट्रिक बालक छात्रावास की हालत काफी दयनीय हो गई है। आलम यह है कि देख रेख के अभाव में बालकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इधर लंबे समय से अधीक्षक नदारद है जिससे छात्रावास की व्यवस्था चपरासी के भरोसे संचालित है। ऐसे में परीक्षा सिर पर होने से बच्चों को परीक्षा की तैयारी करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ओड़गी विकासखंड के प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास घरसेड़ी की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई। जहां आदिवासी बच्चों को सुरक्षित माहौल और बेहतर पढ़ाई मिलनी चाहिए, वहां लापरवाही और अव्यवस्था का आलम है। बताया जा रहा है कि छात्रावास के अधीक्षक कमलेश लहरें लंबे समय से नदारद हैं और पूरी व्यवस्था चपरासी के भरोसे चल रही है। ऐसे में बच्चे मनमानी करते हैं और बच्चों में अनुशासन पूरी तरह खत्म हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि बोर्ड परीक्षा सिर पर है, लेकिन पढ़ाई और व्यवस्था दोनों भगवान भरोसे चल रही हैं। भोजन व्यवस्था को लेकर भी बड़ी लापरवाही बरती जा रही है। लोगों का आरोप है कि छात्रावास की चारदीवारी के पीछे सड़ी-गली सब्जियां बच्चों को परोसी जा रही हैं, जो सीधे तौर पर उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। वहीं शौचालयों की हालत भी बेहद खराब हो गई है। इधर मंडल संयोजक मनोहर गुप्ता का रवैया भी सवालों के घेरे में है। जहां उन्हें कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देनी चाहिए थी लेकिन ऐसा कुछ नहीं किया जाता जिससे छात्रावास अधीक्षक सहित अन्य स्टाफ के हौसले बुलंद है।








धरसेड़ी स्थित बालक छात्रावास में सड़ी-गली सब्जी व बेसीन में जमा गंदा पानी।

### सभी छात्रावास की स्थिति एक जैसी

लोगों का कहना है कि ब्लॉक मुख्यालय ओड़गी के लगभग सभी हॉस्टलों की स्थिति एक जैसी बनी हुई है। इससे पहले भी इस विभाग से जुड़े कई गंभीर मामले सामने आ चुके हैं। खोड हॉस्टल में एक बच्ची के सिर में कीड़े पड़ने की घटना तो एकलव्य आवासीय विद्यालय में एक साथ कई बच्चों के बीमार पड़ने का मामला सामने आ चुका है।

### छात्रावास की जांच की मांग

स्थानीय जनप्रतिनिधि उप सरपंच राजेश साहू छात्रावास में मौजूद रहे। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि छात्रावास में इस प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी सहन करने योग्य नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और बच्चों की सुरक्षा व पढ़ाई प्रभावित न हो।

### कराई जाएगी जांच

छात्रावास में अव्यवस्था है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच में मामला सही पाए जाने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

-चांदनी कंवर, एसडीएम

# बूथों पर सामूहिक श्रवण की बनीं कार्य योजना



**बैकुण्ठपुर।** भाजपा मंडल कुड़ेली द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ स्तर पर सामूहिक रूप से सुनने की कार्य योजना बनाई गई। मंडल पदाधिकारियों ने बैठक कर यह निर्णय लिया कि सभी बूथों में कार्यकर्ता, समर्थक और आमजन मिलकर कार्यक्रम का श्रवण करेंगे, ताकि प्रधानमंत्री के संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सके। मंडल स्तरीय जिम्मेदार पदाधिकारियों को बूथों के अनुसार दायित्व सौंपे गए हैं तथा स्थानीय स्तर पर प्रचार-प्रसार, बैठक व्यवस्था, ध्वनि प्रणाली और जनसंपर्क की योजनाएं भी तय की गईं। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस पहल से बूथ संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा केन्द्र सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री के विचारों को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कामतानाथ तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, सुखदेव राजवाड़े, महामंत्री राकेश पैकरा, सुशीला साहू, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री अहिल्या राजवाड़े, सोशल मीडिया प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सोनालाल राजवाड़े, जिला संयोजक सुशील यादव, उग्रसेन तिर्की, किसान मोर्चा मंडल बालकृष्ण द्विवेदी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, राजू यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**अम्बिकपुर।** विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं डॉ.पुष्पा सोनी, उपभोक्ता आयोग के सदस्य नवनीकांत दत्ता, पूर्व छात्र एवं पार्षद दीपक यादव के आतिथ्य एवं सुरेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। सुश्री वंदना दत्ता ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि यह विद्यालय जरूरतमंद बच्चों के लिए संचालित है, इस विद्यालय का उद्देश्य ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ना है जो बीच में अपनी शिक्षा छोड़कर अपने माता-पिता के कार्यस्थल पर रहते है।

कुछ माताएं अपने बच्चों को विद्यालय में शाला समय के पूर्व छोड़कर अपने काम पर चली जाती है तथा वापसी के दौरान उन्हें घर ले जाती है। हम सब उनको सुरक्षित परिवेश दे रहे हैं। विद्यालय जरूर छोटा है पर बच्चों के सपने बहुत बड़े है। उच्च शिक्षित शिक्षिकाएं अल्प मानदेय पर निरंतर सेवा दे रही है। प्रधानपाठिका श्रीमती साधना कश्यप ने शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चे आज अच्छी जगह नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कुछ पूर्व छात्रों का परिचय भी कराया। सभापति हरमिंदर सिंह ने कहा कि नींव मजबूत रहेगी तो इमारत मजबूत होगी। बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और संस्कार दिया जा रहा है जो सराहनीय है। समारोह में स्कूल के वर्तमान एवं पूर्व छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत सहित विभिन्न राज्यों की पारंपरिक नृत्य को प्रस्तुत किया। अन्य अतिथियों ने स्कूल एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को सराहा। अंत में बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती जया तिवारी, अनुभा डबराल, प्रफुल्ल महापात्र, रंजन खेरपाण्डेय, श्रीमती संतोष पाण्डेय, आतिशी भट्टाचार्य, ज्योति द्विवेदी, श्रद्धा खेरपाण्डेय सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।



### चैत्र नवरात्रि की पावन बेला में सजेगा कुदरगढ़

**सूरजपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर माता कुदरगढ़ी की पुण्यभूमि एक बार फिर भक्ति, संस्कृति और उल्लास से सराबोर होने जा रही है। जिले के विकासखंड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ में तीन दिवसीय कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य आयोजन 23 से 25 मार्च तक किया जाएगा। आस्था और उत्सव के इस अनूठे संगम में जिले के नागरिक, श्रद्धालु एवं संस्कृति प्रेमी अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगें। महोत्सव के प्रथम दिन 23 मार्च को भजन बैंड-लीला अपनी मनमोहक भक्तिमय प्रस्तुति से श्रोताओं को भाव-विभोर करेगें। वहीं महोत्सव के समापन दिवस 25 मार्च को गायिका सीर्ली सेटिया अपनी मधुर आवाज से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी, जो आकर्षण रहेगा। तीनों दिन स्थानीय एवं छत्तीसगढ़ी कलाकारों द्वारा भक्तिमय एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो क्षेत्र की लोक परंपराओं की जीवंत झलक प्रस्तुत करेंगी। यह तीन दिवसीय महोत्सव 23 से 25 मार्च तक ग्राम पंचायत कुदरगढ़, विकासखंड ओड़गी में आयोजित होगा। प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू होगा।

# भाजपा मंडल भैयाथान में दो दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान अंतर्गत भाजपा मंडल भैयाथान द्वारा मंगल भवन में दो दिवसीय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण वर्ग में सक्षम कार्यकर्ता, सशक्त संगठन के उद्देश्य को लेकर रविवार को मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी मोर्चा के मंत्री स्तर तक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रशिक्षण में कुल आठ सत्रों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रत्येक सत्र के लिए अलग-अलग अध्यक्ष एवं वक्ता निर्धारित किए गए थे।

विभिन्न सत्रों में संगठन की कार्यप्रणाली, पार्टी की विचारधारा, पार्टी का इतिहास, संगठन विस्तार में कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षण से व्यक्ति निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण, आचरण और व्यवहार का विकास होता है। भारतीय जनता पार्टी विचारों की पार्टी है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को शासन स्तर पर सेवा के रूप में लागू करती है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्रवाद और संगठन सुदृढ़ीकरण तक की विचारधारा से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन शांतनु गोयल ने किया। इस दौरान रामाशंकर यादव,सुनील साहू, राजीव प्रताप सिंह, अशोक सिंह, रामू गोस्वामी, ललित गोयल,रामाशंकर यादव, रितेश जायसवाल, शीतल प्रसाद गुप्ता, शिव राजवाड़े, प्रकाश दुबे, नूतन विश्वास, नीरू गुप्ता, रितेश गुप्ता,सीताराम कुशवाहा, नेहा तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।



# रजवार समाज की प्रांतीय महासभा में सामाजिक अनुशासन व परंपराओं को बनाए रखने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामाजिक एकता, परंपराओं की मजबूती और सामुदायिक मुद्दों के समाधान को लेकर प्रांतीय महासभा रजवार समाज छत्तीसगढ़ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आयोजित की गई। इस महासभा में प्रदेशभर से आए समाज के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और हजारों की संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही,बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज से जुड़े विभिन्न प्रकरणों का निराकरण करना, सामाजिक नियमों की समीक्षा करना तथा समाज को संगठित और सशक्त बनाने की दिशा में ठोस निर्णय लेना रहा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने समाज की परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक अनुशासन को बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजवार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष लखन लाल राजवाड़े ने कहा कि समाज की मजबूती आपसी एकता, अनुशासन और सहयोग से ही संभव है। उन्होंने सभी सामाजिक पदाधिकारियों और समाज के लोगों से अपील की कि वे सामाजिक नियमों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ी को भी समाज की परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करें। सभा में प्रांतीय उपाध्यक्ष मुनेश्वर राजवाड़े, प्रांतीय सचिव सुरेन्द्र राजवाड़े और प्रांतीय संचालक नरेश राजवाड़े ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के भीतर उत्पन्न होने वाले विवादों को आपसी संवाद और समझदारी से सुलझाना चाहिए,उन्होंने समाज के विकास के लिए शिक्षा, जागरूकता और संगठन को सबसे बड़ा आधार बताया। बैठक में सरगुजा जिलाध्यक्ष बालेश्वर राजवाड़े, सूरजपुर जिलाध्यक्ष अरुण कुमार राजवाड़े, सूरजपुर जिला सचिव मुकेश राजवाड़े, कोरिया जिलाध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े और कोरिया जिला सचिव अवधेश प्रताप राजवाड़े सहित कई जिलों के पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की सामाजिक गतिविधियों और समस्याओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कोरिया जिले के उपाध्यक्ष छत्रपाल राजवाड़े, जिला निरीक्षक रामकुमार राजवाड़े, संचालक ईश्वर राजवाड़े, सह संचालक छत्रपाल राजवाड़े तथा विभिन्न ब्लॉकों के अध्यक्ष और समाज के अनेक वरिष्ठ व युवा प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महासभा के दौरान समाज से जुड़े विभिन्न सामाजिक प्रकरणों और मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सभा के अंत में समाज की एकता, समरसता और आपसी प्रेम-सौहार्द को और सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समाज के सभी लोग मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करेंगे तो रजवार समाज आने वाले समय में और अधिक मजबूत, संगठित और प्रगतिशील बनकर उभरेगा।



**न्यायालय नायब तहसीलदार (पेटलावृत्त)**
**सीतापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. /अ-6/2025-26

**// ईश्तहार//**

सर्व साधरण ग्राम पंचायत सूर को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुकुल राम आ. स्व. बुधराम जाति उरांव निवासी ग्राम सूर तहसील सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 अन्तर्गत धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि उभयपक्ष के संयुक्त भूमि ग्राम सूर प.ह.नं.- 12 तहसील सीतापुर में ख.नं.- 345, 408, 508, 2294, 2743, 2809, 2810, 2811, 2825, 3404/2 रकबा 0.3530, 0 4540, 0.3760, 0.0610, 0.1540, 0.0690, 0.0120, 0.2270, 0.5060 कुल ख.नं.- 10 रकबा 2.3580 हे. स्थित है। वसीयतकर्ता अपने हिस्से की भूमि अपने जीवन काल में दिनांक 12/01/2018 को आवेदक के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित कर दिया है। वसीयतकर्ता का दिनांक 29/01/2018 को निःसंतान मृत्यु हो चुका है। उक्त वाद भूमि पर वसीयतनामा के आधार पर राजस्व अभिलेख में आवेदक अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र के साथ, बी-1, वसीयतनामा की छायाप्रति संलग्न कर निवेदन किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 18/03/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकता है। समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**पेटलावृत्त**

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगें
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. आशिष कुमार जायसवाल — जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी — MBBS,DCH,DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी.के.दामले — MBBS,DCH,DNB — शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया — MBBS,MS (General Surgeon) — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. भावना गार्डिया — स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत — जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता — श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित — MBBS,DNB,Ortho — हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा — एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. सुरभि — दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमलता साहू — फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल के 12वीं के कैडेटों को दी गई विदाई

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल के 12वीं कक्षा के कैडेटों को जूनियर कैडेटों ने भावभीनी विदाई दी। सैनिक स्कूलों की यशस्वी परंपरा के अनुसार विदाई समारोह प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर की उपस्थिति में आयोजित की गई। समारोह में कैडेटों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नृत्य तथा सामूहिक गीत की प्रस्तुति दी। कैडेट कैप्टन जगन्नाथ यादव ने अपने बैच की ओर से पिछले सात साल के अपने अनुभवों को साझा किया तथा साल के सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने 12वीं के सभी कैडेटों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी कैडेटां के लिए डीजे इवनिंग का आयोजन किया गया जिसमें कैडेटों ने जोश के साथ नृत्य का आनंद लिया। इसके पश्चात सैनिक लॉन में कर्मचारियों तथा कक्षा 12वीं के कैडेटों के लिए विशेष रात्रि भोज आयोजित किया गया।

### बरतीकला में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन 19 को

**बलरामपुर।** राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। जिसके अंतर्गत जिला स्तरीय समाधान शिविर प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित किया जाएगा। विकासखंड वाड्रफनगर में 19 मार्च को ग्राम पंचायत बरतीकला के हाई स्कूल मैदान में शिविर आयोजित होगा। इसके लिए संबंधित अनुविभागीय अधिकारी को नोडल एवं संबंधित जनपद सीईओ को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। शिविर में आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदनों का पंजीयन कर उनका निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्धारित तिथि में शिविर में उपस्थित होने एवं शिविरों में प्राप्त आवेदनों का यथा संभव शिविर पर ही निराकरण करने के निर्देश भी दिये हैं।

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण 1 मई से होगा प्रारंभ

**अम्बिकापुर।** भारत सरकार द्वारा आयोजित होने वाली जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य राज्य में 1 मई से 30 मई तक किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में सोमवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारी कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना की रूपरेखा, कानूनी प्रावधान, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सुनील नायक, नगर निगम कमिश्नर डीएन कश्यप, सर्व एसडीएम, राजस्व अमला सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने निकाली बाइक रैली

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ सेल्स प्रमोशन एम्प्लाइज यूनियन ने राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर केंद्र एवं राज्य सरकार से दवाओं पर शून्य जीएसटी एवं किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवा सुनिश्चित करने की मांग लेकर मोटर साइकिल रैली निकालकर शहर का भ्रमण किया। रैली में प्रवीण कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, शेखर ज्योति, शेखर पुष्प, राकेश दुबे, संतोष महाराणा, चंद्रभान कुमार चौहान, ताहिर हसन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

### गिरने की अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत

**अम्बिकापुर।** बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम कामारिया निवासी सहदेव आ. स्व. सोमार राम (51 वर्ष) 14 मार्च को गांव से घूमकर घर की ओर आ रहा था। जैसे ही ग्रामीण घर के दरवाजे के समीप पहुंचा तभी अचानक गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन ग्रामीण को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। दूसरी घटना में सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम गोपालपुर निवासी राज कुमार आ. अकालू (45 वर्ष) रविवार को दामाद के साथ आलू की खुदाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक गिर गया। परिजन उसके सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## पेज 1 के शेष...

### कल्याणपुर के कोटबहरा में पहुंचा...

नुकसान पहुंचा था। गांव के लोगों का कहना है कि जंगलों के सिमटने और भोजन की कमी के कारण हाथियों का दल अक्सर आबादी वाले क्षेत्रों की तरफ आ जाता है जिससे ग्रामीणों को हमेशा खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर खदेड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि गांव में किसी प्रकार की जनहानि या बड़ी दुर्घटना की आशंका न रहे।हाथियों की मौजूदगी के कारण पूरे कोटबहरा और आसपास के गांवों में देर रात तक हलचल बनी रही।

## विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में जारी रहेगा व्यवधान

# दिन में छाया अंधेरा, बौछारों के साथ जगह-जगह गिरे ओले



मैनपाट क्षेत्र में गिरे ओले।



उदयपुर में झमाझम बारिश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

उत्तर भारत में ताकतवर पछुआ विक्षोभ की सक्रियता के साथ ही देश के विभिन्न भागों में एक साथ कई मौसमी घटकों के प्रभावी होने से मौसम में तेज बदलाव आया है। मौसम विज्ञानी आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। सोमवार को तेज हवा एवं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई वहीं कई स्थानों पर हल्की वर्षा के साथ ओले गिरे हैं।

**खास बात**

- तापमान में होगी गिरावट, गर्मी से मिलेगी राहत

सोमवार को मौसम में आए बदलाव के कारण अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही चारों ओर अंधेरा छा गया। लम्बे अर्से बाद इस तरह की स्थिति निर्मित हुई जब दिन में लोगों को उजाले के लिए लाइट जलानी पड़ी। इस दौरान तेज हवाएं भी चली तथा बूंदाबांदी के साथ देर तक गरज-चमक होती रही। कुछ देर बाद शहर के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा हुई जबकि कई स्थानों पर तेज हवा के साथ वर्षा हुई वहीं कुछ क्षेत्रों में बौछारों के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से देश के विभिन्न क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण एवं द्रोणिका प्रभावी है जिससे खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है तथा विक्षोभ को ताकत दे रही है। मौसमी घटकों के प्रभावी होने के कारण रात में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इधर मंगलवार को उत्तर भारत में एक नए पछुआ विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में मौसम में आए व्यवधान से आगामी दिनों में भी मौसम के प्रभावित रहने की संभावना है। सरगुजा सहित देश के विभिन्न भागों में हुई ओलावृष्टि के कारण सोमवार को दिन के तापमान में गिरावट वहीं रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा रविवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री वहीं सोमवार को क्रमशः 33.9 डिग्री, 18.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में तापमान के सामान्य स्थिति में पहुंचने एवं गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### मैनपाट में गिरे ओले

पठारी क्षेत्र मैनपाट में सोमवार को शाम 5 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार हवाएं चली तथा 15 मिनट तक बौछारों के साथ ओले गिरे। ओलावृष्टि से कहीं कुछ क्षति होने की सूचना नहीं है। मैनपाट अंतर्गत ग्राम पंचायत कमलेश्वरपुर, कुनिया, बरिमा नर्मदापुर, कंडराजा, ओरंगा सहित अन्य पठारी क्षेत्रों में हल्की वर्षा के साथ ओले गिरने की सूचना है। ओलावृष्टि, से आम, लीची, महुआ सहित अन्य उद्यानिकी फसलों को भारी क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। विकासखण्ड मुख्यालय उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के साथ ही कहीं-कहीं अत्यंत छोटे आकार के ओले गिरने की सूचना है।

### सब्जी एवं उद्यानिकी फसलों को नुकसान

बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि से सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। वर्तमान में आम एवं लीची के बौर में फल लगना शुरू हुए है। तेज हवा के साथ हुई बारिश एवं ओले गिरने से आम, लीची के फल झड़ गए हैं। बारिश एवं ओलावृष्टि से महुआ की फसल के भी प्रभावित होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश को गेहूं सहित अन्य रबी फसलों के लिए लाभदायक बताया जा रहा है वहीं अरहर की फसल में कीट का प्रकोप बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। ओलावृष्टि से टमाटर, गोभी, सेम सहित अन्य सब्जियों की फसल प्रभावित हुई है।



## 8वीं बोर्ड परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

20 मार्च को ईद त्यौहार होने तथा इसी दिन 8वीं बोर्ड की हिन्दी विषय की परीक्षा होने पर छग प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी व सदस्यों ने परीक्षा तिथि अगले दिन किए जाने की मांग की। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि मुस्लिम समाज का ईद का त्योहार चांद के हिसाब से 20 मार्च को होने की ज्यादा संभावना है तथा 20 मार्च को 8वीं बोर्ड की परीक्षा विषय-हिन्दी बोर्ड का पेपर भी सम्पन्न हो रहा है। जिले में मुस्लिम समुदाय बहुतायत की संख्या में निवास करते हैं और उनके बच्चे परीक्षा में काफी सम्मिलित भी हो रहे हैं, साथ ही परीक्षा संचालन करने के लिये केन्द्राध्यक्ष एवं शिक्षकों की भी परीक्षा केन्द्र में ड्यूटी लगाई गई है। ईद का त्योहार मुस्लिम समाज में पवित्र रमजान महीने के बाद आस्था का पर्व है और इस अवसर पर राष्ट्रीय अवकाश 21 मार्च को किया गया है, परन्तु मुस्लिम समुदाय के मान्यता के अनुसार अगर माह के 29 का चांद दिखाई देता है तो ईद का त्योहार 20 मार्च को होगा, जिसमें हजारों की संख्या में परीक्षा में सम्मिलित बच्चे एवं शिक्षक ईद का नमाज पढ़ने से वंचित हो जाएंगे और ईद का नमाज का समय प्रातः 8 से 11 बजे तक रहता है। शिक्षकों ने 20 मार्च को सम्पन्न होने वाले 8वीं बोर्ड के हिन्दी विषय की परीक्षा को अगले दिन सम्पन्न करवाने मांग की।



## शासकीय भूमि पर मस्जिद का निर्माण, विश्व हिन्दू परिषद ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने नवागढ़ आलम बाग उद्यान के एक हिस्से स्थित शासकीय भूमि पर मस्जिद निर्माण कराने का विरोध करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, साथ ही कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नवागढ़ क्षेत्र के आलम बाग उद्यान के एक हिस्से में जो कि शासकीय भूमि थी वहां एक समुदाय द्वारा मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है। तत्कालीन कलेक्टर द्वारा इस निर्माण को तोड़ने तथा दोषियों के पर कार्रवाई करने आदेश दिया गया था। परंतु आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई और मस्जिद का निर्माण जारी है। हिन्दू परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों ने निर्माण पर रोक लगाने तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनीत कुमार गुप्ता, संजीत गुप्ता, डॉ. शिव मंगल सिंह, अविनाश तिवारी, विनय दास, महेश सोनी, रूप नारायण, सुरेश सोनी, संतोष विश्वकर्मा मनीजर राजवाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

## टोचन वाहन ने चौकी प्रभारी की कार को मारी टक्कर, बाल बाल बचे अधिकारी

**अंबिकापुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार टोचन वाहन ने चौकी प्रभारी की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में चौकी प्रभारी बाल बाल बच गए। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।



बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना क्षेत्र के केदमा चौकी प्रभारी कार क्रमांक सीजी 29 एसी 9721 से किसी काम से जा रहे थे। इस दौरान रास्ट्रीय राजमार्ग 130 पर लखनपुर थाना क्षेत्र के हंसडांड चौक के समीप तेज रफ्तार टोचन वाहन ने केदमा चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद सिंह की कार को टक्कर मार दी। टक्कर से स्विफ्ट कार के सामने और पीछे का हिस्सा बुरी तरह से क्षति क्षतिग्रस्त हुआ है। इस घटना में चौकी प्रभारी बाल बाल बच गए। घटना के बाद चालक टोचन वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे में चौकी प्रभारी चोटिल हुए है। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है और आरोपी चालक व वाहन की तलाश जारी है।

## सड़क दुर्घटना में गंभीर तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अलग-अलग सड़क दुर्घटना में गंभीर हुए तीन लोगों की निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार लटोरी अंतर्गत ग्राम रामेश्वरपुर निवासी संजू बनझोर आ. राम सुन्दर (26 वर्ष) रविवार की सुबह परिजन को मोबाइल का सीम बंद कराने की बात कहर बाइक से निकला था। जैसे ही बाइक सवार कल्याणपुर जंगल में पहुंचा तभी कार क्रमांक सीजी 15 डीएम 9537 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में कमलेश्वपुर अंतर्गत ग्राम घटगांव निवासी अगर साय कुजूर आ. पेठे कुजूर (53 वर्ष) 12 मार्च को बाइक से नर्मदापुर साप्ताहिक बाजार गया था। शाम को वापस घर लौटने लगा और जैसे ही नर्मदापुर बांसपारा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल का रायपुर में उपचार कराने के पश्चात छुट्टी कराकर वापस शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायल को मृत घोषित कर दिया। वहीं एक अन्य घटना में विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केनापारा निवासी संतोष यादव आ. कवल साय यादव (41 वर्ष) रविवार को गांव के ही सुखराम के साथ बाइक से खोपा डांड गए थे। शाम को दोनों वापस घर आने लगे तभी खोपा डांड के समीप ही अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में संतोष यादव गंभीर चोट लगने से अचेत हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा सुखराम बैठा हुआ था जबकि संतोष सड़क किनारे गंभीर हालत में अचेत पड़ा था। परिजन घायलों को तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत संतोष को मृत घोषित कर दिया।

## गर्भाशय कैंसर से बचाव : जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने की दिशा में जिले ने आज एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाकर जिले में इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया।

महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा यह विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ 28 फरवरी को राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। राज्य स्तर पर इसका शुभारंभ मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खडगांवां से मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा किया गया। इसी कड़ी में आज जिले में भी यह अभियान प्रारंभ हो गया है। जिला चिकित्सालय स्थित 100 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल के टीकाकरण कक्ष में प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह टीकाकरण किया जाएगा। यह अभियान सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत नहीं, बल्कि एक विशेष राष्ट्रीय अभियान के रूप में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को गार्डासिल नामक क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी मानी जाती है।

शुभारंभ के दौरान सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रियंका पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरआरएस सिंह, उपेंद्र सिंह, सतेंद्र खुटे, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुसुम, विमला स्वामी, मंजू, ममता, संदीप गुप्ता एवं मितानिन उपस्थित रहीं।

### नहाने के दौरान कुंवरपुर बांध में डूबी महिला, मौत

**अम्बिकापुर।** नहाने के दौरान कुंवरपुर बांध में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लखनपुर थानान्तर्गत ग्राम अंधला निवासी दुर्गावती पति कैलाश सिंह गोड़ (40वर्ष) अपनी पड़ोसी कविता सिंह व एक अन्य महिला के साथ कुंवरपुर बांध में नहाने पहुंची थी। इस दौरान वह गहरे पानी में चली गई तथा डूबने लगी दुर्गावती को बांध में डूबते देख अन्य महिलाएं शोर मचाने लगी। शोर सुनकर पहुंचे दुर्गेश एवं योगेश पहुंचे एवं किसी तरह दुर्गावती को बाहर निकाला। आनन-फानन में एम्बुलेंस से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने पीएम उपरांत महिला का शव परिजन को सौंप दिया है।

## वाहन की चपेट में आने से ग्रामीण की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धुमाडांड मुख्य मार्ग पर पैदल जा रहे ग्रामीण को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए चपेट में ले लिया। ग्रामीण पर वाहन चढ़ जाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम धुमाडांड निवासी विष्णु प्रताप शनिवार की रात पत्नी सुखमेन को धुमाडांड जाने की बात कहकर घर से निकला जिसके बाद वापस नहीं लौटा। सुबह परिजन जब धुमाडांड की ओर जाने लगे तभी मुख्य मार्ग पर विष्णु मृत हालत में पड़ा हुआ था। बताया जा रहा है कि रात के समय मृतक पर किसी अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मारते हुए वाहन चढ़ा दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## आज से 21 अप्रैल तक जिले में चलेगा शिशु संरक्षण माह

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आहूत की गई, जिसमें जिले की विभिन्न प्राथमिकताओं पर गहन चर्चा एवं समीक्षा की गई।

बैठक में 17 मार्च से 21 अप्रैल तक संचालित होने वाले शिशु संरक्षण माह अभियान के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा की गई। सीईओ श्री पाटले ने स्वास्थ्य विभाग को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु माइक्रो स्तर पर कैलेंडर आधारित कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। यह अभियान 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों पर केंद्रित है, जिसके तहत विटामिन-ए सिरप, आयरन सिरप वितरण, टीकाकरण, पोषण जांच तथा स्वास्थ्य शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जाएंगी। टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को बीसीजी., हेपेटाइटिस बी, डीपीटी, ओपीवी, मीजल्स-रूबेला तथा पेंटावेलेंट के टीके लगाए जाएंगे। साथ ही जिले के विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। सीईओ श्री पाटले ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका उचित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा जनहित के मामलों का त्वरित निपटारा करते हुए आम नागरिकों को समय पर लाभ पहुंचाया जाए। बैठक में डीएफओ डीपी साहू, अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, सर्व एसडीएम एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हे निर्धारित तिथियां में इस ग्रुप के साथ भेज सकते हैं इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411